समाचार

राजस्व वसूली अभियान

28 जनवरी को इन वार्डो में लगेंगे राजस्व वसूली शिविर

(08 दिनों में 75 लाख 55 हजार रू. बकाया कर राशि शिविरों में जाकर जमा कराई करदाताओं ने)

कोरबा 27 जनवरी 2021— नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, जलकर, दुकान एवं भवन किराया आदि की बकाया राशि की वसूली हेतु निर्धारित कार्ययोजना अनुसार **28 जनवरी को** वार्ड क्र. 09 भिलाईखुर्द्र क्र.—2 सामदुायिक भवन, वार्ड क्र. 15 ढोढ़ीपारा सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्र. 26 मुड़ापार गणेश पण्डाल, वार्ड क्र. 28 दुर्गा पण्डाल फेस—1 आर.पी.नगर, वार्ड क्र. 39 कैलाशनगर सार्वजनिक मंच, वार्ड क्र. 48 इंदिरानगर सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 60 गेवरा चौक, वार्ड क्र. 65 कुदरीपारा सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि 08 दिनों में विभिन्न वार्डो में लगाए गए राजस्व वसूली शिविरों के माध्यम से 75 लाख 55 हजार रूपये के करों की वसूली की गई है, उन्होने बताया कि करदाता इन शिविरों में पहुंच रहे हैं तथा बकाया कर राशि का भुगतान निगम को कर रहे हैं।